पत्र सूचनाशाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल जी ने नादरगंज कान्हा उपवन का किया निरीक्षण

——————

गाय के गोबर एवं मूत्र से निर्मित उत्पादों की राज्यपाल जी ने सराहना की

——————

कान्हा उपवन में राज्यपाल ने आम का पौधा रोपित किया

——————

लखनऊ : 19 जुलाई, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज लखनऊ के नादरगंज कान्हा उपवन पशुशाला में नन्दीशाला, रोहिणीशाला, कान्हा बालशखा क्षेत्र, नन्दिनीशाला, श्री कृष्ण गौशाला आदि का निरीक्षण किया तथा गाय को गुड़ खिलाया। राज्यपाल जी ने गौमय उत्पाद कार्यशाला, सिद्धार्थ पशु पक्षी चिकित्सा केन्द्र एवं चिकित्सालय में निर्मित ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया तथा बीमार एवं घायल पशुओं के उपचार के निर्देश दिये। इसके साथ ही वहां पर स्थापित गोबर गैस संयंत्र का भी निरीक्षण किया।

राज्यपाल जी ने गौमय उत्पाद कार्यशाला में गोबर और गोमूत्र से निर्मित धूपबत्ती, अगरबत्ती, दिया, गमले, गाय के गोबर से निर्मित लट्‌ठे, फिनायल आदि उत्पादों का निरीक्षण कर सराहना की और उत्पाद प्रक्रिया जानकारी प्राप्त की। इस अवसर राज्यपाल जी ने कान्हा उपवन में आम का पौधा भी रोपित किया।

उल्लेखनीय है कि नादरगंज कान्हा में 9,000 से अधिक निराश्रित पशु रखे गये हैं, जिसमें गाय, सांड़ और बछड़ों को अलग–अलग बाड़ों को रखा गया तथा प्रत्येक बाड़े के मुख्य द्वारा पर पशुओं की संख्या लिखी गयी है।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया एवं अपर नगर आयुक्त श्री अरविन्द कुमार राव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

————————

राजभवन(265 / 08)